ISSN 0974 1666

सी.सी.आर.यू.एम

न्यूज़लेटर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद की द्वैमासिक पत्रिका

खंड 35 • अंक 3–4 मई–अगस्त 2015

राष्ट्रपति भवन परिसर में आयुष सम्पूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक

भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी ने 25 जुलाई को राष्ट्रपति भवन परिसर में, अपने कार्यकाल के तीन वर्ष की समाप्ति पर, आयुष सम्पूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक का उद्घाटन किया। क्लिनिक की स्थापना, राष्ट्रपति भवन परिसर वासियों हेतु आयुष नाम से ज्ञात स्वदेशी चिकित्सा पद्धतियों द्वारा साकल्यवादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और इन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रपति भवन द्वारा आयुष मंत्रालय के सहयोग से की गई है।

आयुष सम्पूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मेरे कार्यकाल के तीन साल के दौरान, परिसर वासियों के कल्याण हेतु बहुत से क़दम उठाए गए हैं। उन्होनें विभिन्न कार्यक्रमों को सफ़ल बनाने में भारत सरकार एवं राष्ट्रपति भवन के सभी कर्मचारियों की कृतज्ञता प्रकट की।

आयुष सम्पूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक एक अनूठी परियोजना है जहां सभी आयुष पद्धतियां–आयुर्वेद, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्धा एवं होम्योपैथी एक ही स्थान पर राष्ट्रपति भवन कर्मियों व परिसर वासियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एकत्र हैं। आयुष मंत्रालय, अपनी अनुसंधान परिषदों द्वारा राष्ट्रपति भवन परिसर के शेड्यूल बी स्थित क्लिनिक को जनशक्ति एवं चिकित्सीय सुविधायें प्रदान कर रहा है।

माननीय राष्ट्रपति ने डॉ. ख़ालिद एम. सिद्दीक़ी, उपमहानिदेशक, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ क्लिनिक के यूनानी कक्ष का दौरा किया और रेजीमेनल विधियों से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिशों को सराहा।

उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति भवन के कर्मियों के अतिरिक्त श्री नजीब जंग, उपराज्यपाल, दिल्ली, श्री श्रीपद यस्सो नायक, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली सीट से

माननीया राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी 25 जुलाई को राष्ट्रपति भवन परिसर में आयुष सम्पूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए। उनकी बॉंयी और हैं दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर श्री नजीब जंग और आयुष के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री श्रीपाद नाइक।

माननीया राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी आयुष सम्पूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक के यूनानी कक्ष में मौजूद सुविधाओं के बारे में डॉ. ख़ालिद एम. सिद्दीकी, उपमहानिदेशक, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद से जानकारी लेते हुए।

लोकभा सदस्य श्रीमती मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रपति की सचिव श्रीमति ओमिता पॉल, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव श्री निलांजन सान्याल, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक प्रो. रईसुर्रहमान और आयुष की विभिन्न अनुसंधान परिषदों के महानिदेशक सम्मिलित हुए।

• *रिपोर्टः नियाज़ / अनुवादः सलीम*

राजभाषा ज्ञान को परिष्कृत करने के लिए कार्यशाला

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने 29–30 जून को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली में एक दो–दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया जिस का उद्देश्य नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अंतर्गत सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारियों में राजभाषा ज्ञान को परिष्कृत करना था।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष प्रो. केसरी लाल वर्मा ने बताया कि आयोग ने 22 भाषाओं में प्रशासनिक शब्दावली तैयार की है।

इसके अतिरिक्त शोध कार्य, विज्ञान पत्रिकाएं और साहित्य प्रकाशन में शब्दावली आयोग की मुख्य भूमिका रही है। उन्होनें बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल पाठ्य पुस्तक तैयार करने वाली संस्थाओं के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली का प्रयोग अनिवार्य कर दिया है। प्रो. वर्मा ने अधिकारियों का आह्वान किया कि वह अपने कार्यलयों में कार्यशालाओं का आयोजन कराएं और आयोग द्व ारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्री इन्द्रदेव शुक्ला ने अपने भाषण में कहा कि हिन्दी भाषा ऊँचे वर्ग तक सीमित न रहे, इसके लिए इसकी कठिनाइयों को दूर करना चाहिए। हमें गहन चितंन करने की आवश्यकता है कि इसकी कठिनता पाठक को इससे दूर कर रही है। भाषा को सरल बनाने की आवश्यकता है ताकि इसके प्रचार–प्रसार को बढ़ाया जा सके। जो शब्द अधिक प्रयोग किये जा रहे हैं उन्हें हिन्दी भाषा में सम्मिलित किया जाए और अन्य शब्दावलियों को हिन्दी शब्दावली में समाहित किया जाए।

तकनीकी सत्र में कुल आठ व्याख्यान दिए गए। इन व्याख्यानों में हिन्दी पठन–पाठन को बढ़ाने हेतु अखिल भारतीय स्तर पर तकनीकी शब्दों की एकरूपता, राजभाषा और वैज्ञानिक लेखन, राजभाषा अधिनियम और क्रियान्वयन, राजभाषा और तकनीकी शब्दावली आदि विषय शामिल हैं। केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् की ओर से डॉ. सलीम सिद्दीक़ी, राजभाषा अनुभाग प्रभारी ने कार्यशाला में भाग लिया।

• *रिपोर्टः नियाज़ / इनपुटः सलीम*

योग – अहं से वयम; स्वयं से समस्ती की यात्राः प्रधानमंत्री

देश के इतिहास में 21 जून को एक नया अध्याय लिखा गया जब संयुक्त राष्ट्र सभा द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के प्रस्ताव को पारित करने पर भारत सहित विश्व के 192 देशों ने योग दिवस को एक उत्सव के तौर पर मनाया। नई दिल्ली में आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में एक विशाल योग प्रदर्शन और एक दो–दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेस सम्पन्न हुई।

माननीया प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में 21–22 जून को आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित साकल्यवादी स्वास्थ्य के लिए योग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ समारोह में श्रोतागण को नमस्कार करते हुए। प्रधानमंत्री के दायें हैं श्री श्रीपाद नाइक, आयुष के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. नागेंद्र और श्री नीलांजन सान्याल, जबकि बायें हैं वित्त राज्य मंत्री श्री जयंत सिन्हा और योग प्रतिपादक बाबा रामदेव।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने साकल्यवादी स्वास्थ्य के लिए योग पर अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए योग को 'अहं से वयम, स्वयं से समस्ती' की यात्रा बताया। उन्होनें कहा कि अगर हम अपने मानव शरीर को एक अनूठी संरचना के रूप में अनुभव करते हैं तो योग उस उपयागी नियमावली के समान है जिसने उस संरचना की असीम क्षमताओं से हमको अवगत कराया है। उन्होनें इसको स्वयं, अपने शरीर, माहौल और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का एक माध्यम बताया।

प्रधानमंत्री ने प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 10 रूपये और 100 रूपये के सिक्के व 5 रूपये का एक डाक टिकट भी जारी किया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री श्रीपाद यस्सो नाइक, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय ने कहा कि योग सम्पूर्ण मानवता के लिए इस देश का एक महत्वपूर्ण भेंट है। उन्होनें यह भी इंगित किया कि योग का स्वास्थ्य पहलू अत्याधिक महत्वपूर्ण है और आधुनिक चिकित्सा ने भी इसके महत्व को पहचाना है।

वित्त राज्य मंत्री, श्री जयन्त सिन्हा और योग व्याख्याता बाबा रामदेव, डॉ. नागेन्द्र और डॉ. वीरेन्द्र हेगड़े ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इससे पूर्व राजपथ के 1.4 किमी. स्थान पर 35,985 प्रतिभागियों ने सामूहिक योग प्रदर्शन किया और इसकी शुरूआत योग प्रदर्शन में शामिल प्रधानमंत्री के भाषण से हुई। इस समारोह में स्कूली बच्चे, नेशनल कैड़ेट्स कॉर्पस, केन्द्रीय सुरक्षा बल, महिला पुलिस अधिकारी, केन्द्रीय मंत्री, राजनयिक, विदेशी नागरिक और योग संस्थानों से जुड़े लोग शामिल थे। केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद और आयुष मंत्रालय के अधीन अन्य संस्थानों के पदाधिकारी इस आयोजन की तैयारियों में संलग्न रहे और इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में उन्होनें अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

• *रिपोर्टः नियाज़*
अनुवादः सलीम

राष्ट्रीय आरोग्य एक्स्पो 2015 में प्रतिभागिता

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 21–24 मई को तिरुअनन्तपुरम, केरल में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य एक्स्पो 2015 में भाग लिया। इस प्रदर्शनी का आयोजन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा विश्व आयुर्वेद संस्थान, केरल सरकार और राजीव गांधी जैव तकनीकी केन्द्र के सहयोग से आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने और उनको आम लोगों के मध्य लोकप्रिय बनाने हेतु किया गया।

डॉ. एन. ज़हीर अहमद केरल में 21–24 मई को आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य एक्स्पो 2015 के दौरान के.यू.चि.अ.प. के स्टाल पर विदेशी आगंतुकों को यूनानी चिकित्सा पद्धति के बारे में बताते हुए।

20 मई को उद्घाटन अवसर पर माननीय श्री श्रीपद यस्सो नायक, केन्द्रीय राज्य मंत्री, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि आयुष (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) सेवाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) तक हर स्तर पर उन्नत की जाएंगी। उन्होनें बताया कि भारतीय वैकल्पिक चिकित्सा केन्द्र स्थापित करने हेतु भारत ने हंगरी, बांग्लादेश, मॉरिशस और नेपाल के साथ द्विपक्षी मुद्दों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। और अन्य देशों के साथ भी इस योजना पर काम किया जाएगा।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री वी. एस. शिवकुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, केरल सरकार ने कहा कि राज्य सरकार के अन्तर्गत आयुष विभाग अगले सप्ताह तक काम करना आरम्भ कर देगा। श्री निलांजन सान्याल, सचिव आयुष मंत्रालय, भारत सरकार उद्घाटन अवसर पर उपस्थित थे और उन्होनें वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया।

प्रदर्शनी में 200 कम्पनियों के लगभग 300 स्टाल्स लगाए गए थे। आयुष मंत्रालय के अधीनस्थ संस्थानों के 17 पंडालों में उनके उत्पाद व दी जाने वाली सुविधाओं को प्रदर्शित किया गया। भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित तीन सेमिनार और एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस अवसर पर आम लोगों के लिए मधुमेह, हृदय रोगों से बचाव, स्नायु रोगय, कैंसर, महिला व बाल स्वास्थ्य व वृद्धों की देखभाल आदि पर आयुष क्लिनिकों की सुविधा भी उपलब्ध थी। इस प्रदर्शनी में देशभर से 700 प्रतिनिधि और चिकित्सक, राजनायिक, विपणन कुशल विशेषज्ञ, नीति निर्धारक, व्यवसायी और विद्यार्थियों की भरपूर भागीदारी रही।

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने प्रदर्शनी में भाग लिया और केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद और क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, चैन्नई के यूनानी चिकित्सकों ने लगभग 280 रोगियों को निःशुल्क उपचारित किया। डॉ. एन. ज़हीर अहमद, डॉ. के. कबीरूद्दीन अहमद, डॉ. मौ. इस्माईल और के.बी. अन्सारी ने विभिन्न रोगों पर व्याख्यान दिए। परिषद् के स्टाल में डिस्पले बोर्ड, पुस्तिकाओं और सफल गाथाओं के माध्यम से अनुसंधानिक गतिविधियों और प्रगति को उजागर किया गया। स्टाल में परिषद् के महत्वपूर्ण प्रकाशन भी प्रदर्शित किए गए।

• *रिपोर्ट: नियाज़ / अनुवाद: सलीम*

हक़ीम अजमल ख़ां पर संगोष्ठी

जामिया में यूनानी मेडिकल कॉलिज स्थापित करने पर विचार

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के उप–कुलपति प्रो. तलत अहमद ने 19 मई को जामिया परिसर में स्थित केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) के हकीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में कहा कि जामिया एलोपैथिक मैडिकल कॉलिज स्थापित करने के अतिरिक्त एक यूनानी मैडिकल कॉलिज स्थापित करने पर विचार कर रहा है।

जामिया परिसर में के.यू.चि.अ.प. द्वारा आयोजित यह गोष्ठी 28 अप्रैल को दोनों संस्थानों के मध्य साहित्यिक अनुसंधान, चिकित्सीय साहित्यिक अनुसंधान और अन्तःविषयों पर शोध से सम्बन्धित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद, पहला कार्यक्रम था।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो. तलत अहमद ने कहा कि जामिया के गणमान्य संस्थापकों में से एक हकीम अजमल ख़ां पर संगोष्ठी को सम्बोधित करना उनके लिए एक उत्सव के समान है। उन्होनें जामिया व के.यू.चि.अ.प. के मध्य समझौता ज्ञापन को एक एतिहासिक फ़ैसला बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न क्षेत्रों के शोधकर्त्ताओं को उनके सम्बन्धित कार्यक्षेत्रों में अनुसंधान व विकास को साथ लाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होनें कहा कि इससे यह संभावना बढ़ी है कि जामिया के बायोकैमिस्ट्री एवं बायाटेक्नोलॉजी संकाय और के.यू.चि.अ.प. के शोधकर्त्ता सहयोगात्मक अनुसंधान कर सकते हैं। उन्होनें उन क्षेत्रों को चिन्हित करने की आवश्यकता पर बल दिया जहां वो नेतृत्व प्रदान कर सकते हैं। उन्होने के.यू.चि. अ.प. के सहयोग से जामिया में एक डिप्लोमा कोर्स शुरू करने की सम्भावना व्यक्त की।

इस अवसर पर के.यू.चि.अ.प. के महानिदेशक प्रो. रईसुर्रहमान ने कहा कि हकीम अजमल ख़ां अभूतपूर्व व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होनें यूनानी चिकित्सा के विकास में उस समय महत्वपूर्ण योगदान दिया जब यह पद्धति संकटावस्था से गुज़र रही थी। यह उनकी कोशिशों का नतीजा है कि यूनानी चिकित्सक जहां आधुनिक चिकित्सा उपलब्ध नहीं है, स्वास्थ्य रक्षा में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यूनानी चिकित्सा को ग्रहण करने पर ज़ोर देते हुए कहा कि इस पद्धति में विभिन्न असंक्रामक रोगों को उपचारित करने का सामर्थ्य है जो आधुनिक चिकित्सा पद्धति में प्रभावी नहीं है। इस पद्धति में सरकार की रूचि को दर्शाते हुए उन्होनें कहा कि भारत सरकार गाज़ियाबाद, यू.पी. में अखिल भारतीय यूनानी चिकित्सा संस्थान स्थापित करने जा रही है।

प्रो. अब्दुल हक़, पूर्व विभागाध्यक्ष, उर्दू संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने

प्रो. रईस–उर–रहमान, प्रो. तलअत अहमद और श्री इरशाद अहमद 19 मई को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आयोजित हकीम अजमल खाँ पर संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में प्रो. अब्दुल हक़ को सम्मानित करते हुए जबकि डॉ. ख़ालिद एम. सिद्दीकी उन्हें यादगार भेंट कर रहे हैं।

मुख्य भाषण में कहा कि हकीम अजमल ख़ां द्वारा भारत में यूनानी चिकित्सा के प्रोत्साहन से उर्दू भाषा को भी बढ़ावा मिला। यूनानी चिकित्सा के अदृश्य क्षेत्र को इंगित करते हुए उन्होने कहा कि देश में यूनानी मैडिकल संस्थान उर्दू भाषा के विकास में एक बड़ी ताकत हैं और इसी भाषा के माध्यम से यूनानी पद्ध ति की शिक्षा दी जाती है। उन्होनें कहा कि यूनानी साहित्य ने उर्दू के प्रोत्साहन में बहुत सहयोग दिया। उन्होनें करोल बाग़ स्थित दिल्ली विश्व विद्यालय के आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलिज को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने की ज़रूरत पर बल दिया और जामिया परिसर में एक यूनानी कॉलिज स्थापित करने और इसके साथ–साथ के.यू.चि. अ.प. के सहयोग से यूनानी चिकित्सा में एक डिप्लोमा कोर्स शुरू करने का सुझाव दिया। श्री इरशाद अहमद, अध्यक्ष, अ.मु. वि., ओल्ड ब्वॉयज़ एसोसिएशन दिल्ली ने अपने अतिथीय भाषण में कहा कि हकीम अजमल ख़ां का व्यक्तित्व चार महत्वपूर्ण विशेषताओं का मिश्रण था। वह एक महान यूनानी चिकित्सक, एक शिक्षाविद और अनेकता में एकता की मिसाल थे। उन्होनें जामिया परिसर में हकीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की स्थापना को हकीम अजमल ख़ां के प्रति एक बड़ी श्रद्धांजलि बताया।

इससे पूर्व हकीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के प्रभारी अनुसंधान अधिकारी डॉ. सग़ीर अहमद सिद्दीक़ी ने अपने स्वागत भाषण में जामिया परिसर में संस्थान को स्थान उपलब्ध कराने के लिए और के.यू.चि. अ.प. व जामिया के बीच सम्बन्ध स्थापित करने में अपना रोल निभाने के लिए प्रो. तलत अहमद और श्री इरशाद अहमद का शुक्रिया अदा किया।

हकीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) डॉ. अहमद सईद ने प्रतिष्ठित अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में 19 मई को हकीम अजमल खाँ पर आयोजित संगोष्ठी के सम्मान्य जनसमूह का एक दृश्य।

संगोष्ठी के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता परिषद् के उप–महानिदेशक डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी द्वारा की गई। हकीम अजमल ख़ा के जीवन व सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चार पत्र प्रस्तुत किए गए। हकीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के परामर्शदाता हकीम के.ए.एस. आज़मी द्वारा प्रथम पत्र ''यूनानी चिकित्सा की वैज्ञानिक सम्पदा और हकीम अजमल खां'' नामक शीर्षक से प्रस्तुत किया गया। जमात–ए–इस्लामी हिन्द की तसनीफ़ी अकादमी के हकीम रज़ीउल इस्लाम नदवी ने ''जामिया मिल्लिया इस्लामिया की स्थापना और स्थायीकरण में हकीम अजमल ख़ां की भूमिका'' पेपर प्रस्तुत किया। हकीम फ़ख़रे आलम अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), हकीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान द्वारा ''हकीम अजमल ख़ां, यूनानी चिकित्सा और जामिया मिल्लिया इस्लामिया'' नामक शीर्षक पर पेपर प्रस्तुत किया गया जबकि संगोष्ठी का अन्तिम पेपर संस्थान के अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) हकीम अहमद सईद ने राष्ट्रीय एवं चिकित्सीय गतिविधियां और हकीम अजमल ख़ां'' शीर्षक पर प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के शिक्षाविद और के.यू.चि. अ.प. मुख्यालय और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित परिषद् संस्थान व एककों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

• *रिपोर्टः नियाज़*
अनुवादः सलीम

अनुसंधानिक विधितन्त्र पर दिग्विन्यास कार्यशाला

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 08–09 जून को नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में अनुसंधानिक विधितन्त्र पर दो दिवसीय दिग्विन्यास कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य यूनानी चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में परिषद् की गतिविधियों के मूल सिद्धान्त के विषय में नवनियुक्त अनुसंधान अधिकारियों को अवगत कराना था।

09 जून को समापन समारोह के अवसर पर बोलते हुए, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक प्रो. रईसुर्रहमान ने कहा कि पादप औषधियों पर अनुसंधान तीन बातों पर निर्भर करता है (क) रोगियों को दी जाने वाली औषधियां शुद्ध हैं, इसके लिए गुणवत्ता नियन्त्रण और औषधि मानकीकरण आवश्यक है। (ख) रोगियों को दिया जाने वाला उपचार प्रभावी है, इसके लिए उत्तम नैदानिक प्रक्रिया और नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता पड़ती है। (ग) रोगियों को दी जाने वाली औषधियां सुरक्षित हैं इसके लिए पूर्व नैदानिक परीक्षण को आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने आगे कहा कि यह संतुष्टि का विषय है कि परिषद् इन पहलुओं पर कई वर्षों से कार्य कर रही है।

08 जून को अपने स्वागत सम्बोधन में प्रो. रईसुर्रहमान ने कहा कि केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने अनसंधानिक क्षेत्र में काफ़ी कार्य किया परन्तु यूनानी औषधियों की सुरक्षा ओर गुणवत्ता मूल्यांकन के वैधीकरण की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यूनानी चिकित्सा पद्धति को पूरे विश्व में प्रचलित श्रेष्ठ पद्धतियों में से एक माना है, परन्तु दवाओं की सुरक्षा को लेकर वह चिंतित है। शोधकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि अनुसंधान के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उत्साह व सम्पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है।

प्रो. रईस–उर–रहमान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए।

डॉ. खालिद एम. सिद्दीक़ी 8–9 जून को नई दिल्ली में केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित अनुसंधानिक विधितन्त्र पर दिगविन्यास कार्यशाला को संबोधित करते हुए। मंच पर हैं (बायें से दायें) प्रो. रईस–उर–रहमान, प्रो. वाई.के. गुप्ता और प्रो. के.एम.वाई. अमीन।

उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, प्रो. के एम.वाई. अमीन, अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति में निहित इसके अनूठे सिद्धान्तों का अध्ययन से पहले ज्ञान ज़रूरी है। पाश्चात्य चिकित्सा से इस पद्धति की तुलना करते हुए उन्होनें कहा कि दोनों में संबंध नए पुराने का नहीं बल्कि दो भिन्न विधियों का है। यूनानी चिक्त्सिा पद्धति मिज़ाज की रोशनी में शरीर की चर्चा करती है जो प्राकृतिक है जबकि पाश्चात्य पद्धति उप–प्राकृतिक अणुओं की रोशनी में शरीर की चर्चा करती है।

प्रो. वाई. के. गुप्ता, विभागाध्यक्ष, फ़ार्माकॉलजी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ने कहा कि शोधकर्त्ताओं को विज्ञान को गतिशील रखने के लिए कुछ नया योगदान करना

केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा 8–9 जून को नई दिल्ली में आयोजित अनुसंधानिक विधितन्त्र पर दिगविन्यास कार्यशाला के सहभागियों का एक दृश्य।

चाहिए। अनुसंधान में साक्ष्य सृजन के महत्व पर बल देते हुए उन्होनें कहा कि प्रत्यक्ष ज्ञान, अनुभव और साक्ष्य में से अनुसंधान का संबंध साक्ष्य से होता है जो आज की आवश्यकता है। उन्होने अनुसंधान के प्रलेखन और प्रकाशन पर ज़ोर दिया और कहा कि शोध परिणामों को प्रकाशित न करना एक अपराध है और किसी शोध का प्रलेखन न होना, न होने के बराबर है।

परिषद् के उप–महानिदेशक, डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी ने सत्र को सम्बोधित किया और आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त अनुसंधान अधिकारी परिषद् के लिए महान परिसम्पत्ति सिद्ध होगें।

तकनीकी सत्र में प्रो. वाई. के. गुप्ता, प्रो. के.एम. वाई. अमीन, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् से डॉ. रॉली माथुर और वल्लभ भाई पटेल चेस्ट इन्स्टीट्यूट के प्रो. ए.रे. ने क्रमशः ''कन्सेप्शन ऑफ़ रिसर्च कुएश्चन एण्ड फ़ार्मुलेटिंग रिसर्च मैथेडोलॉजी एण्ड स्ट्रेटजी फ़ॉर रिसर्च इन यूनानी मैडिसिन'', ''एफ़िकेसी एण्ड सेफ़्टी इवेलुएशन ऑफ़ यूनानी ड्रग्स'', ''एथिकल गाइडलाइन्स; सी.टी.आर.आई. एण्ड हेल्थ रिसर्च'' और ''मैकेनिज़्म ऑफ़ एक्शन, पी.के. एण्ड पी. डी. स्टडीज़ ऑफ़ यूनानी ड्रग्स'' विषयों पर व्याख्यान दिए।

डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी ने भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति की पृष्ठभूमि व आधारभूत संरचना, यूनानी चिकित्सा पद्धति के सिद्धान्त और केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के इतिहास एवं इसकी अनुसंधानिक गतिविधियों व उपलब्धियों पर एक व्यापक प्रस्तुतीकरण दिया।

डॉ. एन.सी. जैन, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने ''साइन्टिफ़िक पेपर राइटिंग एण्ड पब्लिकेशन एथिक्स'' पर बोलते हुए कहा कि एक पेपर में 20 लेखक और एक से अधिक पत्र व्यवहारिक लेखक हो सकते हैं। उन्होनें साहित्यिक चोरी प्रत्याहार और अन्य दुराचार के बारे में भी बताया।

सैन्टिस फ़ार्मा के डॉ. श्रीकान्त गौड़ और परिषद् से डॉ. शारिक़ अली ख़ान, डॉ क़मरूद्दीन और डॉ. निग़हत अंजुम ने क्रमशः इन्फ़ार्मड कन्सेन्ट प्रोसेज़ एण्ड डॉक्यूमेन्टेशन; रिसर्च मैथोडोलॉजी फ़ॉर इवेलुएशन ऑफ़ एफ़िकेसी ऑफ़ फ़स्द; मैथेडौलॉजिकल आस्पेक्टस ऑफ डिज़ाइनिंग ए पेशेन्ट इन्फ़ार्मेशन शीट; और अन्डरस्टैन्डिंग क्लिनिकल ट्रायल प्रोटोकॉल पर प्रस्तुतीकरण किया।

कार्याशला में नवनियुक्त ग्यारह अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) के अतिरिक्त परिषद् मुख्यालय व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य संस्थानों व एककों के अधिकारी भी शामिल हुए। • *नियाज़*

हिजामा (कपिंग प्रक्रिया) का प्रशिक्षण

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 9–17 मई को क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में कपिंग प्रक्रिया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण के लिए परिषद के महानिदेशक प्रो. रईस–उर–रहमान ने अल फ़ारूक़ यूनानी मैडिकल कॉलिज, इन्दौर के प्रो. अब्दुल क़वी को आमंत्रित किया था। वह एक अवसर पर कपिंग प्रक्रिया में प्रो. अब्दुल क़वी की निपुणता से प्रभावित हुए थे।

इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के विभिन्न संस्थानों के 29 अनुसंधान अधिकारी प्रशिक्षित हुए। इसी प्रकार का प्रशिक्षण 8 से 11 जून तक क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पटना के अधिकारियों को भी प्रो. अब्दुल क़वी द्वारा प्रदान किया गया।

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अपने उद्घाटन सम्बोधन में डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप–महानिदेशक, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य इस प्रक्रिया में हुई प्रगति के सैद्धान्तिक व प्रोयोगिक ज्ञान को बांटने के अतिरिक्त प्राचीन संघटित चिकित्सा को प्रोत्साहित करना और विभिन्न रोगों में इसकी प्रभावकारिता और उपयोगिता से लाभान्वित होना है।

अपने प्रस्तावना भाषण में डॉ. मौ. फ़ाज़िल ख़ा, प्रभारी अनुसंधान अधिकारी, क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली ने कहा कि परिषद् द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा विभिन्न संस्थानों में इस प्राचीन तकनीक को क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होनें बताया कि हिजामा तकनीक को सही ढंग से क्रियान्वित करने पर इसके कोई दुष्प्रभाव नज़र नहीं आते।

प्रो. अब्दुल क़वी द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण के साथ सैद्धान्तिक प्रशिक्षण की शरूआत हुई, उन्होनें इस तकनीक की विधि को बताने के साथ–साथ अपने चिकित्सीय अनुभव भी लोगों को बताए। उन्होनें कुछ रोगियों पर कपिंग का जीवंत निरूपण किया।

प्रशिक्षण सत्र, जो प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया था, में शोधकर्त्ताओं का रोगियों पर प्रशिक्षण किया गया। जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गठिया, अवसाद, सर्वाइकल स्पॉडिलोटिस, हाइपरटेन्शन, संधिवात, हाइपोथाइरॉइडिज़्म आदि के कुल 70 रोगियों को इस तकनीक द्वारा उपचारित किया गया। यह उपचार शोधकर्त्ताओं द्वारा विशेषज्ञ की निगरानी में दिया गया। उपचार का परिणाम संतोषजनक रहा।

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पटना में प्रशिक्षण कार्यक्रम दो बैचों में 8 जून से 11 जून तक चला, प्रो. अब्दुल क़वी ने जीवंत निरूपण द्वारा तकनीक का प्रशिक्षण लंच से पहले व बाद दो बैंचों में संस्थान के अधिकारियों को दिया।

• *रिपोर्टः नियाज़*

इनपुटः शाइस्ता / अनुवादः सलीम

प्रो. अब्दुल क़वी केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में हिजामा पर आयोजित प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कपिंग प्रक्रिया का जीवंत प्रशिक्षण देते हुए।

किताब-उल-मिआ फ़ित-तिब का पुनः मुद्रण

परिषद् ने यूनानी चिकित्सा की परम्परागत एवं दुर्लभ पुस्तकों की पुनः मुद्रण योजना के अन्तर्गत हाल में ही किताब उल–मिआ फ़ित–तिब, खण्ड–1 का पुनः मुद्रण किया है। यह ग्रंथ चिकित्सा पद्धति पर मध्यकालीन विख्यात फ़ारसी चिकित्सक अबु सहल मसीही (मृ.1010) की एक प्रतिष्ठित कृति है। उन्हें ज़करिया राज़ी (मृ.925), अली इब्न–अल– अब्बास–अल –मजूसी (मृ.994) और इब्न सिना (मृ.1037) सहित यूनानी चिकित्सा जगत के सर्वाधिक प्रभावशाली लेखकों में से एक माना जाता है।

इब्न सिना के गुरु कहे जाने वाले अबुसहल मसीही, अबुल अब्बास मामून इब्न मामून ख़वारिज़्म शाह (मृ.1017) के दरबार के छः महान विद्वानों में से एक थे। उन्हें अल–मुततब्बिब और अल–मन्तिक़ी की उपाधि से, उनके तक्रशास्त्र, और चिकित्सा विज्ञान में निपुणता के कारण नवाज़ा गया। अल मसीही ने दर्शनशास्त्र और चिकित्साशास्त्र व अन्य विषयों पर बारह किताबें रचित की, परन्तु सर्वाधिक प्रसिद्ध ''किताब अल मिआ फ़ित–तिब'' है। इब्न अल तिलमिज़ (1073–1165) ने इस पर एक व्याख्या लिखी और निज़ामी अरुज़ी (मृ.1160) ने चिकित्सा पाठ्यक्रम में इसको शामिल करने की संस्तुति की।

किताब–उल–मिआ फ़ित–तिब, जैसा कि इसके शीर्षक से इंगित है, में सौ अध्याय शामिल हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पुस्तक की उच्च शैक्षणिक महत्ता होने के बावजूद न तो इसका अनुवाद किया गया और नही इसको पूर्ण रूप से छापा गया यहां तक कि लेटिन भाषा, जिसमें अधिकतर मध्यकालीन चिकित्सा कार्य का अनुवाद किया गया, भी इससे अछूती रही। इसके प्रथम बीस अध्याय

किताब–उल–मिआ फ़ित–तिब

1963 में किताब उल मिआ फ़ित तिब अल मुजल्लद अल अव्वल के शीर्षक से सम्पादन के बाद हैदराबाद से प्रकाशित हुए। परिषद् ने 2008 में इस संस्करण का उर्दू अनुवाद प्रकाशित किया और साहित्यिक अनुसंधानिक कार्यक्रम के अन्तर्गत किताब–उल–मिआ के बाक़ी 80 अध्ययन का अनुवाद व सम्पादन कार्य को शामिल किया है।

मौजूदा पुस्तक हैदराबाद से प्रकाशित बीस मूल अध्यायों का पुनः प्रकाशन है। केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने इस पुस्तक को पाठक अनुकूल बनाने और आधुनिक मानकों से संबद्ध करने हेतु कुछ महत्वपूर्ण मूल्यों को प्रकाशन में सम्मिलित किया है। इसमें एक अग्रसारण जोड़ा गया है जो इस प्रकाशन का सक्षिंप्त परिचय और इसकी पृष्ठभूमि के बारे में बताता है।

स्वास्थ्य एवं रोगों से सम्बन्धित विषयों के विवरण में मसीही का सैद्वान्तिक व दार्शनिक दृष्टिकोण दिखाई देता है और लक्षण व निदान के प्रायोगिक पहलुओं पर कम महत्व दिया गया है। एक मुख्य बिन्दु, जो इस कार्य को अन्य यूनानी चिकित्सीय कार्य से अलग करता है, वह इसकी मौलिकता हे। लेखक ने अपने समकालीन चिकित्सकों से इतर अन्य प्राचीन चिकित्सकों का संदर्भ नहीं दिया है। दूसरे चिकित्सकों द्वारा वर्णित एक अध्याय में दिए गए विषयों को पृथक–पृथक अध्याय में दिया है। उदाहरण के तौर पर किताब इल्मुल ग़िज़ा, किताब अल अग़जिया अल मुफ़रदा और किताब मवाद अल अग़ज़िया तीन अलग अध्यायों में वर्णित किए गए हैं जबकि दूसरे चिकित्सकों ने इन विषयों को केवल एक शीर्षक किताब–अल–अग़ज़िया में वर्णित किया है।

आशा की जाती है कि केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् का यह प्रकाशन यूनानी चिकित्सा पद्धति से जुड़े शोधकर्त्ताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और सम्पूर्ण यूनानी चिकित्सा जगत इसका स्वागत करेगा।

• *अमानुल्लाह / अनुवादः सलीम*

औषधियों की मात्रा रूपों के रूपांकन पर संगोष्ठी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 09 मई को नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में यूनानी औषधियों के मात्रा रूपों के रूपांकन पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का उद्देश्य मधुमेह के लिए शर्करा रहित मिश्रित औषधियों का रूपांकन, बच्चों के लिए सिरप, मात्रा कटौती, और उनके स्वाद व स्थिरता में सुधार से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करना था।

प्रो. रईस–उर–रहमान, महानिदेशक, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् 9 मई को नई दिल्ली में परिषद् द्वारा औषधियों के मात्रा रूपों के रूपांकन पर संगोष्ठी में बोलते हुए। मंच पर बैठे विशेषज्ञ हैं (बायें से दायें) डॉ. खालिद एम. सिद्दीक़ी, हकीम अनवार अहमद, डॉ. मोहम्मद ख़ालिद सिद्दीक़ी और प्रो. ए.बी. ख़ां।

अपने प्रस्तावना भाषण में केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक प्रो. रईस–उर–रहमान ने कहा कि यूनानी साहित्य में औषधियों के 100 से अधिक रूप मिलते हैं, आवश्यकता इस बात की है कि इन मिश्रणों की प्रचलित शक्लों को रूपांतरित किया जाए ताकि आधुनिक जीवन शैली के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं के उपचारानुसार उनकी स्वीकार्यता बढ़े, उन्होनें इस बात पर बल दिया कि किसी भी क़ीमत पर यूनानी चिकित्सा सिद्धातों से समझौता नहीं होना चाहिए।

प्रो. ए.बी. ख़ान, पूर्व डीन, यूनानी संकाय, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ ने कहा कि औषधियों के नवरूपाकिंत रूप को अपनाने से पहले इसके प्रचलित रूप से इसकी नैदानिक प्रभावोत्पादकता की तुलना को भी ध्यान में रखना आवश्यक है।

प्रो. एम.ए. जाफ़री, अध्यक्ष, वैज्ञानिक सलाहकार समिति, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने कहा कि यूनानी औषधियों के प्रचलित रूप सैकड़ों सालों से प्रयोग मे हैं परन्तु आज के समय में उनके स्वाद और अधिक मात्रा के कारण उसमें कुछ कमियां नज़र आती हैं। उन्होनें कहा कि दवा की शक्ल में तब्दीली करना एक नई दवा के प्रथम स्तर के अध्ययन के समतुल्य होगा।

अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. मोहम्मद ख़ालिद सिद्दीक़ी, पूर्व महानिदेशक, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने कहा कि दवाओं के रूपांतर की आवश्यकता महसूस होती है। परन्तु यूनानी सिद्धान्तों पर समझौता होने पर संदेह भी पैदा होता है। उन्होनें कहा कि संघटित चिकित्सा (रेजीमेनल थेरेपी)

के स्टैन्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स (एस.ओ. पी.) तैयार करने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी।

अध्यक्षीय भाषण में हकीम अनवार अहमद, पूर्व वरिष्ठ फ़ैकल्टी, आयुर्वेद एण्ड यूनानी तिब्बिया कॉलिज, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने कहा कि परिवर्तित औषधीय रूप से लोगों के बीच यूनानी चिकित्सा को प्रचारित करने में सहायता होगी। उन्होनें बताया कि ये औषधियां वायरस जनित बीमारियों में भी पूर्णतयाः कारगर हैं। डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी, उप–महानिदेशक, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने उद्घाटन सत्र का समापन लोगों का आभार व्यक्त कर किया।

उद्घाटन के बाद शुरू हुए सत्र में संगोष्ठी में दो व्यापक पैनल चर्चा हुई जिनमें यूनानी मिश्रणों का शर्करा रहित मात्रा रूप, मात्रा में कमी अनुरूपता, स्वाद, शेल्फ़ लाइफ़, स्थिरता और सुरक्षित पैकिंग विषय शामिल थे।

संगोष्ठी में यह निश्चय किया गया कि यूनानी औषधियों का पुर्नरूपाकंन यूनानी सिद्धांतों व दवाओं की क्षमता से समझौता किए बग़ैर होना चाहिए। यह निर्णय भी लिया गया कि औषधि विकास में संलग्न भेषजीय संस्थानों के साथ सहयोग किया जाना चाहिए और बहुरंग अनुसंधान परियोजना के अन्तर्गत रूचि की अभिव्यक्तिनुसार प्रस्ताव आमंत्रित किए जाने चाहिए। इस पर भी सहमति बनी कि प्रथम अवस्था में आवश्यक औषधि सूचि से तीव्र क्रियाशील मिश्रणों को लिया जाए और एक हर्बल केन्द्र बनाया जाए।

पैनल चर्चा के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रो. शाकिर जमील, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने कहा कि मिश्रणों से शर्करा को निकालने से औषधियों की प्रभावोत्पादकता प्रभावित हो सकती है। प्रो. के.एम. वाई. अमीन, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ ने कहा कि शक्ररा का रोल प्रच्छादन या सरंक्षण से बढ़कर है। इसलिए इनकी शक्लों को बदलने की तुलना में इनके स्थानापन्न खोजना बेहतर होगा। डॉ. श्रीकान्त गौड़, सैन्टिस फ़ार्मा ने कहा कि मिश्रणों में शक्ररा का रोल स्थापित होने के बाद ही इसको निकालने पर विचार करना चाहिए। प्रो. इदरीस अहमद, आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी तिब्बिया कॉलिज, नई दिल्ली ने कहा कि शक्ररा की 3–4 ग्राम मात्रा एक मधुमेह रोगी के रक्त शक्ररा स्तर पर कोई कुप्रभाव नहीं डालेगी बल्कि कुछ मात्रा रूपों को परिवर्तित करने की आवश्यकता है। डॉ. सग़ीर अहमद सिद्दीक़ी, हक़ीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली ने बताया कि केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने शक्ररा रहित मिश्रण किट औषधियों के रूप में विकसित किए थे अब उनको पुर्नसमाविष्ट करने की आवश्यकता है। श्री कफ़ील अहमद, मैनेजर, दवाख़ाना तिब्बिया कॉलिज, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ का विचार था कि पुर्नरूपांकन के स्थान पर, मधुमेह रोगियों के लिए पृथक औषधियों का विकास ज़रूरी है। डॉ. आसिम अली ख़ान, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने कहा कि परिवर्तन से पहले हमें

केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा नई दिल्ली में 9 मई को आयोजित औषधियों की मात्रा रूपों के रूपांकन पर संगोष्ठी के श्रोतागण का एक दृश्य।

नई दिल्ली में 9 मई को आयोजित औषधियों की मात्रा रूपों के रूपांकन पर संगोष्ठी के तकनीकी सत्र का एक दृश्य।

परम्परागत और नव रूपांकित मिश्रण के भौतिकीय, रासायनिक और जैव वैज्ञानिक पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

चर्चा में अन्य आंमत्रित विशेषज्ञों में प्रो. नईम अहमद ख़ान, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, डॉ. मुज़य्यना ख़ातून, एम.सी. डी., नई दिल्ली, डॉ. ओ.पी. अग्रवाल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, डॉ. राशिदुल्लाह ख़ान, उपाध्यक्ष, केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली, डॉ. शारिक़ अली ख़ान, क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, अलीगढ़ और श्री मोहसिन देहलवी, देहलवी रेमेडीज़ शामिल थे। इनके अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठित यूनानी चिकित्सक, शिक्षाविद, औषधि निर्माता, औषधि नियन्त्रण विशेषज्ञ और परिषद् मुख्यालय व संस्थानों के शोधकर्त्ताओं ने संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी का समापन डॉ. ख़ालिद महमूद सिद्दीक़ी के समापन सम्बोधन के साथ हुआ।

• *रिपोर्टः नियाज़*

इनपुटः शाइस्ता / अनुवादः सलीम

अरब प्रतिनिधि द्वारा परिषद् के साहित्यिक संस्थान का दौरा

ख्याति प्राप्त अरब प्रतिनिधि डॉ. अली अब्दुल करीम अल बलजी, डिप्टी डायरेक्टर, गल्फ़ सैन्टर फ़ॉर स्ट्रैटजिक स्टडीज़, सऊदी अरब ने परिषद् के हक़ीम अजमल ख़ां साहित्यिक एवं एतिहासिक यूनानी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली का दौरा किया।

परिषद् के अधिकारियों से वार्तालाप के दौरान डॉ. अली ने चिकित्सा पर्यटन के भाग के तौर पर यूनानी चिकित्सा पद्धति को प्रचारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. मौहम्मद अय्यूब नदवी अध्यक्ष, अरबी विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के साथ दौरे पर आए डॉ. अली यूनानी चिकित्सा साहित्यिक अनुसंधान में विशिष्टता प्राप्त संस्थान में परिषद् द्वारा प्रकाशित यूनानी चिकित्सा पद्धति की पुरातन अरबी ग्रन्थों को देखकर अत्यधिक हर्षित हुए। वह इस तथ्य से भी प्रभावित हुए कि भारत में शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास की उत्तम आधारभूत संरचना मौजूद हैं। सऊदी अरब में इस पद्धति की स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए उन्होनें बताया कि वहां के निवासी स्वास्थ्य की इस साकल्यवादी पद्धति में रूचि रखते हैं परन्तु दुर्भाग्यवश इसके प्रचार व विकास के लिए गम्भीर प्रयास नहीं हो पाए हैं।

डॉ. अली ने संस्थान के सभी अनुभागों का दौरा किया और वह ओ.पी.डी. में हिजामा थैरपी देखकर अत्यधिक प्रसन्न हुए।

• *रिपोर्टः नियाज़*

इनपुटः एस.ए. सिद्दीकी

उत्तराखण्ड के चकराता वन खण्ड में औषधीय पौधों का सर्वेक्षण

परिषद् के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, अलीगढ़ में कार्यरत शोधकर्त्ताओं ने उत्तराखण्ड राज्य के चकराता वन खण्ड, देहरादून में औषधीय पौधों का प्रजाति–वनस्पतीय सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी समूहों द्वारा औषधीय वनस्पतियों पर पारस्परिक ज्ञान को प्रलेखित करने के अतिरिक्त यूनानी चिकित्सा पद्धति में प्रयोग होने वाले औषधीय पौधों की उपलब्धता और वितरण पर सूचना एकत्र करना था।

चकराता वन खण्ड उत्तराखण्ड के देहरादून जनपद के उत्तर पश्चिमी भाग में 30° 25′ 30° 28′ उत्तरी अक्षांतर और 77° 37′ 77° 43′ पूर्व देशांतर पर कुल 361684.4 हैक्टेयर में फैला हुआ है। इसको उत्तरी सीमाएं उत्तरकाशी जनपद और हिमाचल प्रदेश का कुछ भाग दक्षिण में दून घाटी, पूर्व में यमुना नदी और पश्चिमी सीमा हौंस नदी से मिलती है। इस खण्ड में छः वन श्रृखंलाएं रिवर, कनासर, रिखनार, पाबर, देवगढ़, और मोल्टा शामिल हैं। सम्पूर्ण वन खण्ड एवं पर्वतीय भू–भाग है। इस क्षेत्र का उच्चतम फैलाव समुद्र तल से 540 मीटर से 3200 मीटर तक है। इस वन खण्ड में शंकुधारी, रोडोन्ड्रॉन और ओक वन बहुतायत से पाए जाते हैं और इस क्षेत्र में वन सम्पदा की विश्वास पात्र संरक्षक जौंसर बावर जनजाति काफी संख्या में पाई जाती है। कृषि व पशु–पालन यहां का मुख्य व्यवसाय है। दूध उत्पादन, ऊन और मांस व्यापार स्थानीय अर्थव्यवस्था का अभिन्न भाग है। इस क्षेत्र के बहुसंख्यकों द्वारा जौंसरी भाषा बोली जाती है।

इस कार्य के दौरान कुछ वनस्पतीय सम्पन्न वन क्षेत्र जैसे चकराता, सइया, भुजकोटी, डकरा, देववन, खारम्बा, कोन्टालनी व्यास, इन्दरॉली, कनासर, टुइना, लोटाखड़, औली आदि का सर्वेक्षण किया गया। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि यह क्षेत्र औषधीय पादप सम्पदा से सम्पन्न है। क्षेत्र से 138 औषधीय प्रजातियों के 415 वनस्पतीय नमूने एकत्र किए गए। मुख्य यूनानी औषधीय पादपों में अख़रोट (*जुगलेंस रिजिया* एल.) बनफ़शा (*वायोला स्पेसीज़* एल.), ब्राह्मी (*सेन्टेला एसियेटिका* (एल.) अरबन), चीड़ (*पाईनस रॉक्सबरजाई* सार्ज.), चिराएता शीरी (*स्वर्टिया एन्गास्टिफ़ोलिया* बुक. हाम. एक्स डी. डॉन.), दारे–हल्द (*बरबेरिस एरिस्टेटा* डी. सी.), धावा (*बुडफ़ोर्डिया फ़्रटिकोज़ा* (एल.) कुर्ज़), जुफ़ते बलूत (*करकस ल्यूकोट्राईकोफ़ोरा* ए. केमस), कबाबे खन्दान (*ज़ेन्थेज़ाईलम आरमेटम* डी.सी.), कायफ़ल (*माईरिका एस्कुलेंट* हाम. एक्स डी. डॉन), मज़ीठ (*रूबिया कॉर्डिफ़ोलिया* एल.), मालकंगनी (*सिलास्ट्रस पेनिकुलेटस* विलड.), पखानबेद (*बर्जिनिया लिगूलेटा* ऐंगिल.), समन्दर फल (*रहुस पार्वीफ़लोरा* रोक्स्ब.) सेंभल (*बोम्बेक्स सीबा* एल.), शाह बलूत (*एस्कुलस इन्डिका* कॉलिबर. एक्स केम्ब.), टगर (*वेलेरियाना हार्डविकी* वाल.), ज़रनब (*एबीज पिड्रों* स्पेक.) इत्यादि शामिल हैं।

सतपुरा (*डैफ़ने पेपाइरेसिया* वालिच एक्स स्टुड)

कबाबे खन्दान (*ज़ेन्थेज़ाईलम आरमेटम* डी.सी.)

पखानबेद (*बर्जिनिया लिगूलेटा* ऐंगिल.)

कनासर के देवदार जंगल का एक दृश्य

औषधीय पादपों के एकत्रण के अतिरिक्त, सर्वेक्षण टीम ने स्थानीय चिकित्सकों और गांव के बुज़ुर्गों से साक्षात्कार के फलस्वरूप विभिन्न मानवीय एवं पशु रोगों के उपचार से सम्बन्धित 26 लोक दावे रिकॉर्ड किए। सामान्यतः लोक औषधियों के तौर पर प्रयोग होने वाले कुछ पौधे इस प्रकार हैं। बूशियां (*यूपेटोरियम एडेनोफ़ोरम*) पत्तियों का लेप कटे पर लगाया जाता है। चरचड़ा (*रूबिया कॉर्डिफ़ालिया*) पत्ती का लेप बिच्छू काटे पर लगाया जाता है। छमरऊ (*आर्टिमिज़िया रॉक्सबर्जियाना* बैस) की जड़ का जोशांदा पेट दर्द में उपयोगी है। दारिम्ब (*प्यूनिका ग्रेनेटम*) के तने की छाल का जोशांदा जॉन्डिस में पिलाया जाता है। देवदार (*सिड्रस देवदार*) की लकड़ी का तेल खुजली में उपयोगी है। क्रिगोर (*बरबेरिस लाइसियम*) की जड़ का रस आंखों की लाली में बूंद–बूंद कर डालते हैं। कुटकी (*पिक्रोरहाईज़ा कुरुआ*) की जड़ का जोशांदा ल्युकोरिया में दिया जाता है। नीलकंठ (*अजूगा पार्विफ़्लोरा*) की पत्तियों का लेप सामान्य सूजन में किया जाता है। पत्थर चूर (*बर्जीनिया लिगुलाटा*) की पत्तियां पकाकर प्रयोग की जाती हैं और जड़ का लेप बवासीर में उपयोगी है। सतपुरा (*डैफ़ने पेपाइरेसिया*) की छाल का लेप शरीर के जले हुए भाग पर लगाया जाता है। सोपऊ (*थैलिक्ट्रम फ़ोलियोलोसम*) की जड़ का जोशांदा जॉन्डिस में पिलाया जाता है। तिरायमन (जेन्टियाना कुरू) की पत्तियों का जोशांदा पेशाब की रूकावट में दिया जाता है। थूनर (*टेक्सस बकाटा*) के तने की छाल का जोशांदा नज़ला में देते हैं।

शोधकर्त्ताओं ने जीवन पद्धति, सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों, स्वास्थ्य एवं रोग, शिक्षा, व्यवसाय और व्यापार, उगाई जाने वाली फ़सलों व क्षेत्र के लोगों की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परम्पराओं पर सूचनाएं एकत्र कीं। अपरिष्कृत दवाओं के कुछ नमूने प्रामाणिक औषधियों के तौर पर म्यूज़ियम में प्रदर्शन हेतु एकत्र किए गए। अक़रक़रहा, पखानबेद, ब्रह्मी बूटी, कुटकी और धावा के बालवृक्ष संस्थान के औषध उद्यान में उगाने हेतु एकत्र किए गए। अध्ययन में विभिन्न कारणों से वन में विलुप्त हो रहे तथा कुछ संकटापन्न औषधीय पौधों जैसे–*एकोनिटम हेट्रोफ़ाईलम* (अतीस), *एकोरस कलेमस* (बच्छ), *बरबेरिस एशियाटिका* (दारहल्द), *बर्जिनिया लिगूलेटा* (पखानबेद), *हेडिशियम स्पाईकेटम* (कपूरकचरी), *पिकरोरहाईज़ा कुरूआ* (कुटकी), *स्वर्टिया एन्गस्टिफोमिया* (चिरायता शीरी), *टेक्सस बकाटा* (तालिस पत्र), *थैलिक्ट्रम फ़ोलियोलोसम* (पियांरगा), *वेलेरियाना जटामांसी* (सुंबुलुतिब) पर भी जानकारी एकत्र की गई।

सर्वेक्षण टीम का नेतृत्व श्री ज़हीर अनवर अली, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति) द्वारा किया गया और इसमें हक़ीम सरफ़राज़ अहमद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), श्री परवेज़ अहमद, अनुसंधान सहायक (वनस्पति), श्री सुहेल अहमद, ड्राईवर और श्री ज़मररूद अली, क्षेत्र परिचारक शामिल थे।

• *रिपोर्टः अमीनुद्दीन*
इनपुटः जहीर अनवर अली, सरफराज अहमद एवं पर्वेज अहमद

सेवाओं पर वैश्विक प्रदर्शनी में भागीदारी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 23 से 25 अप्रैल 2015 को प्रगति मैदान में सेवाओं पर वैश्विक प्रदर्शनी (जी.ई.एस.) के प्रथम संस्करण में भागीदारी की। इस प्रदर्शनी का आयोजन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सर्विसिज़ एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल और कन्फ़ीडरेशन ऑफ़ इन्डियन इन्डस्ट्री के सहयोग से सर्विस सैक्टर को एक वैश्विक दृश्यता देने के उद्देश्य से किया गया।

जी.ई.एस. का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया जबकि डॉ. हर्षवर्धन केन्द्रीय मंत्री, विज्ञान एवं तकनीक व भू मत्रांलय, श्री जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, श्रीमती स्मृति ईरानी, केन्द्रीय मंत्री मानव संसाधन विकास मंत्रालय, श्री कलराज मिश्र, केन्द्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, श्री रविशंकर प्रसाद, केन्दीय मंत्री, संचार एवं सूचना तकनीक मंत्रालय और श्रीमती निर्मला सीतारमण, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रलाय उद्घाटन सत्र में उपस्थित थे।

समापन सत्र श्री अरूण जेटली, केन्द्रीय मंत्री, वित्त एवं सूचना व प्रसार मत्रांलय द्वारा सम्बोधित किया गया। स्वास्थ्य देखभाल, सूचना एवं तकनीक, टूरिज़्म, मीडिया एवं मनोरंजन, सचांर तंत्र, व्यवसायिक सेवाएं, शिक्षा अंतरिक्ष और अनुसंधान व विकास जी.ई. एस. के केन्द्रीय विषय थे। प्रदर्शन में विभिन्न खण्डों के 300 से अधिक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शक और 55 देशों के 500 विदेशी प्रतिनिधि शामिल थे। इस प्रदर्शनी में प्रासंगिक विषयों पर आधारित सेमिनार और कॉन्फ्रेंस भी हुई।

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने इस वैश्विक कार्यक्रम में भागीदारी की और अपने पंडाल द्वारा अनुसंधानिक कार्यक्रम और अन्य सम्बन्धित कार्यक्रमों की उपलब्धियां दर्शाईं। परिषद् ने आगंतुकों को निःशुल्क साहित्य वितरण, पोस्टर और विचार–विमर्श द्वारा अपनी गतिविधियों व उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया। यूनानी चिकित्सा के निवारक और प्रोत्साहक पहलुओं पर प्रचार व सूचना सामग्री आंगतुकों में वितरित की गई। परिषद् के अनुसंधान अधिकारी डॉ. शाइस्ता उरूज, डॉ. अहमद सईद और डॉ मेराजुल हक़ ने फ़ार्मा कम्पनियों, कॉर्पोरेट अस्पतालों और ग़ैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत और कम्पनी स्तर पर यूनानी औषधियों के प्रयोग पर वार्तालाभ किया। परिषद् के स्टाल का राष्ट्रीय और किरगिज़्स्तान, रूस व सऊदी अरब के विदेशी प्रतिनिधियों ने दौरा किया।

• *रिपोर्ट: शाइस्ता एवं नियाज़*
अनुवाद: सलीम

पंजीकरण सं. 34691/80

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *वर्ष में छः बार प्रकाशित होता है। जनवरी 2014 से यह सिर्फ अंग्रेज़ी की बजाय हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में एक साथ प्रकाशित हो रहा है। इसमें विशेषतः केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद से, जो आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है, संबंधित समाचार होते हैं। यह ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए मुफ़्त उपलब्ध है जो यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास में दिलचस्पी रखते हैं।* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *में प्रकाशित सामग्री को* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *के आभार के साथ, इस शर्त पर प्रकाशित किया जा सकता है कि वह प्रकाशन व्यापारिक उद्देश्यों से न किया जाये।*

महानिदेशक व मुख्य संपादक:
प्रो. रईस–उर–रहमान

कार्यकारी संपादक:
मोहम्मद नियाज़ अहमद

संपादकीय समिति:
खालिद एम. सिद्दीक़ी
ज़कीउद्दीन
सलीम सिद्दीक़ी
शाइस्ता उरूज

संपादकीय कार्यालय:
केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद
61–65, इंस्टीटयूशनल एरिया, समुख 'डी' ब्लाक, जनकपुरी, नई दिल्ली–110 058

दूरभाष: +91–11/28521981, 28525982, 28525983, 28525831, 28525852, 28525862, 28525883, 28525897, 28520501, 28522524
फैक्स: +91–11/28522965
ई–मेल: unanimedicine@gmail.com
वेबसाइट: www.ccrum.net

मुद्रण: रैक्मो प्रैस प्रा. लि.
सी–59, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–1
नई दिल्ली–110020

ISSN 0974 1666

CCRUM newsletter

A Bi-monthly Bulletin of Central Council for Research in Unani Medicine

Volume 35 • Number 3-4 May–August 2015

AYUSH Wellness Clinic at President's Estate

The President of India, Shri Pranab Mukherjee inaugurated a new AYUSH Wellness Clinic (AWC) at the President's Estate on 25 July to mark the completion of the third year of his Presidency. The clinic has been established by the Rashtrapati Bhawan, with the help of Ministry of AYUSH, to promote and provide the holistic healthcare services offered by the indigenous medicine systems, collectively known as AYUSH, to the residents of the President's Estate.

Inaugurating the AWC, the President said that in the three years of his Presidency numerous measures have been taken for the welfare of the residents of the President's Estate. He extended his gratitude to the Government of India and entire staff of the Rashtrapati Bhawan for their support in making various initiatives successful.

The AWC is a unique project where all the AYUSH systems namely Ayurveda, Yoga & Naturopathy, Siddha and Homoeopathy have come together to meet the medical needs of the President, officials of the President's Secretariat and residents of the President's Estate under one roof. The Ministry of AYUSH, through its respective Research Councils, is currently catering to the manpower requirement and medical facilities of the clinic located in Schedule B of the President's Estate.

The Hon'ble President, escorted by Dr. Khalid M. Siddiqui, Deputy Director General, Central Council for Research in Unani Medicine (CCRUM), visited the Unani wing and appreciated the efforts made in making various regimenal therapies related facilities available.

The Inaugural function was attended by Shri Najeeb Jung, Lieutenant Governor of Delhi; Shri Shripad Naik, Minister of State

Shri Pranab Mukherjee, Hon'ble President of India inaugurating AYUSH Wellness Clinic at President's Estate on 25 July. On his left are Shri Najeeb Jung, Lieutenant Governor of Delhi and Shri Shripad Naik, Minister of State (I/C) for AYUSH.

Shri Pranab Mukherjee, Hon'ble President of India being briefed by Dr. Khalid M. Siddiqui, Deputy Director General, CCRUM about the various facilities available at Unani wing of AYUSH Wellness Clinic.

(I/C) for AYUSH; Mrs. Meenakashi Lekhi, Member of Parliament from New Delhi constituency; Mrs. Omita Paul, Secretary to the President of India; Mr. Nilanjan Sanyal, Secretary (AYUSH) to the Government of India; Prof. Rais-ur-Rahman, Director General (DG), CCRUM and DGs of other Research Councils of AYUSH, besides higher officials of the President's Secretariat.

• ***Niyaz***

Workshop to improve knowledge of Official Language

The Commission for Scientific and Technical Terminology (CSTT) organized a two-day workshop on Official Language at National Council of Educational Research and Training, New Delhi during 29–30 June. The workshop aimed to improve the knowledge of Official Language among Official Language Officers of the offices associated with the Town Official Language Implementation Committee.

